भारत सरकार

सूचना और प्रसारण मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 5312

(दिनांक 25.03.2026 को उत्तर देने के लिए)

प्रसार भारती द्वारा डिजिटल-फर्स्ट कंटेंट संबंधी रणनीति

5312. श्री नलिन सोरेनः

श्रीमती माला राज्यलक्ष्मी शाहः

श्री भोजराज नागः

श्री दामोदर अग्रवालः

श्री विश्वेश्वर हेगड़े कागेरीः

श्री विजय बघेलः

श्री जुगल किशोरः

डॉ. संजय जायसवालः

श्री नव चरण माझीः

श्री चन्द्र प्रकाश जोशीः

क्या सूचना और प्रसारण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार ने प्रसारण अवसंरचना और नेटवर्क विकास (बीआईएनडी) योजना के लिए आवंटन बढ़ाए जाने के बाद ऑल इंडिया रेडियो (आकाशवाणी) के लिए 80 प्रतिशत डिजिटल ट्रांसमीटर कवरेज का लक्ष्य हासिल कर लिया है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) वर्ष 2025 के उत्तरार्ध में प्रसार भारती के ओटीटी (ओवर-द-टॉप) प्लेटफॉर्म की शुरुआत के बाद से भारतीय सांस्कृतिक सामग्री और अभिलेखीय "राष्ट्रीय विरासत कार्यक्रमों" की वैश्विक दर्शक-संख्या में किस प्रकार वृद्धि हुई है;

(घ) प्रसार भारती की 'डिजिटल-फर्स्ट कंटेंट रणनीति' के अंतर्गत अब तक क्या प्रगति हुई है; और

(ङ) क्या सरकार ने वर्ष 2025-26 के दौरान आयोजित सभी प्रमुख अंतर्राष्ट्रीय खेल आयोजनों के लिए खेल प्रसारण सिगनल (प्रसार भारती के साथ अनिवार्य हिस्सेदारी) अधिनियम, 2007 के प्रावधानों का सफलतापूर्वक अनुपालन सुनिश्चित किया है?

उत्तर

सूचना और प्रसारण एवं संसदीय कार्य राज्य मंत्री

(डॉ. एल. मुरूगन)

(क) से (ङ): प्रसारण अवसंरचना एवं नेटवर्क विकास (बीआईएनडी) स्कीम देश में दूरदर्शन और आकाशवाणी की प्रसारण अवसंरचना के विकास, आधुनिकीकरण एवं उन्नयन हेतु एक केंद्रीय क्षेत्र की स्कीम है। बीआईएनडी स्कीम को वर्ष 2021-26 की अवधि के लिए ₹2539.61 करोड़ के कुल परिव्यय के साथ अनुमोदित किया गया है।

आकाशवाणी ने मीडियम वेव बैंड पर दिल्ली, चेन्नई और मुंबई जैसे तीन महानगरों में डिजिटल स्थलीय प्रसारण शुरू किया है। वर्तमान बीआईएनडी स्कीम के अंतर्गत 68 ट्रांसमीटर स्वीकृत किए गए हैं, जिससे आकाशवाणी की कवरेज 2021 में 70% से बढ़कर 81% हो जाएगी। अपनी सतत डिजिटल रूपांतरण प्रक्रिया के तहत आकाशवाणी ने अपने 260 चैनलों को न्यूजऑनएयर मोबाइल ऐप पर लाइव उपलब्ध कराया है, जिसे विश्व में कहीं से भी एक्सेस किया जा सकता है।

प्रसार भारती का "वेव्स ओटीटी" प्लेटफॉर्म वैश्विक स्तर पर भारतीय सांस्कृतिक सामग्री की पहुंच और उपलब्धता को उल्लेखनीय रूप से बढ़ा रहा है। लॉन्च के बाद से इस प्लेटफॉर्म ने 1.2 करोड़ से अधिक डाउनलोड प्राप्त किए हैं और लगभग 85 लाख पंजीकृत उपयोगकर्ताओं का आधार तैयार किया है।

वेव्स ओटीटी पर दूरदर्शन, आकाशवाणी तथा राष्ट्रीय फिल्म अभिलेखागार (एनएफएआई) की डिजिटाइज्ड अभिलेखीय सामग्री का समृद्ध भंडार उपलब्ध है। इसमें क्लासिक टीवी धारावाहिक, फिल्में, वृत्तचित्र, ऐतिहासिक समाचार प्रसारण तथा संगीत, नृत्य और रंगमंच जैसी सांस्कृतिक प्रस्तुतियां शामिल हैं। इसके साथ ही, इसमें संग्रहित रेडियो कार्यक्रम, साक्षात्कार और अन्य ऑडियो सामग्री भी उपलब्ध है, साथ ही समकालीन सामग्री भी प्रस्तुत की जाती है। अपनी मल्टी-डिवाइस उपलब्धता और डिजिटल वितरण कार्यनीति के माध्यम से यह प्लेटफॉर्म देश और विश्व स्तर पर भारतीय सांस्कृतिक एवं विरासत सामग्री की पहुंच का विस्तार कर रहा है।

दूरदर्शन ने भी यूट्यूब, फेसबुक, एक्स और इंस्टाग्राम जैसे सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर अपनी डिजिटल उपस्थिति को सुदृढ़ किया है। डीडी नेशनल और डीडी न्यूज के यूट्यूब चैनलों के संयुक्त रूप से 60 लाख से अधिक सब्सक्राइबर हैं।

आकाशवाणी ने उच्च गुणवत्ता वाले ऑडियो-विजुअल पॉडकास्ट के निर्माण हेतु एक समर्पित पॉडकास्टिंग इकाई स्थापित की है। इसका प्रमुख कार्यक्रम ''आकाशवाणी पॉडकास्ट'' वेव्स ओटीटी और अन्य डिजिटल प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध है, जो समकालीन, ऑन-डिमांड सामग्री के माध्यम से दर्शकों की सहभागिता को बढ़ाता है।

स्पोर्ट्स ब्रॉडकास्टिंग सिग्नल (प्रसार भारती के साथ अनिवार्य साझेदारी) अधिनियम, 2007 के तहत राष्ट्रीय महत्व के खेल आयोजनों के प्रसारण सिग्नलों को प्रसार भारती के साथ साझा करना अनिवार्य है। मई 2022 में ऐसे आयोजनों की सूची का विस्तार करते हुए टेनिस, फुटबॉल और हॉकी जैसे अतिरिक्त खेलों को शामिल किया गया, साथ ही भारत द्वारा खेले जाने वाले सभी टेस्ट क्रिकेट मैच भी इसमें शामिल किए गए।

वर्ष 2025-26 के दौरान, राष्ट्रीय महत्व के सभी खेल आयोजनों के अधिकार धारकों ने प्रसार भारती के साथ फीड साझा की और इन आयोजनों का प्रसारण डीडी स्पोर्ट्स तथा दूरदर्शन के अन्य चैनलों पर अधिनियम के प्रावधानों के अनुरूप किया गया।

*****